संख्या: 1:05:138 :I : सीएस

दिनांक: 08.08.2025

| National Stock Exchange of India Limited<br>Listing Department, Exchange Plaza,<br>Bandra – Kurla Complex, Bandra (E)<br>MUMBAI – 400 051.<br><br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड<br>लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा,<br>बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू),<br>मुंबई-400 051 | BSE Limited,<br>Department of Corporate Services,<br>Floor – 25, PJ Towers, Dalal Street,<br>MUMBAI – 400 001.<br><br>बीएसई लिमिटेड,<br>कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25,<br>पी .जे .टावर्स, दलाल स्ट्रीट,<br>मुंबई-400001 |
|---|---|

**विषय: 39वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना एवं ई-वोटिंग सूचना के संबंध में समाचार पत्र प्रकाशन**

महोदया/महोदय,

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के अनुसरण, कृपया 39 वार्षिक आम बैठक की सूचना और ई-वोटिंग सूचना के संबंध में संलग्न समाचार पत्र प्रकाशन की प्रति प्राप्त करें, जो 08 अगस्त, 2025 के "फाइनेंवशयल एक्सप्रेस" (अंग्रेजी) और " जनसत्ता " (हिंदी) संस्करण में प्रकाशित हुई थी।

यह आपकी जानकारी एवं रिकॉर्ड के लिए प्रस्तुत है।

धन्यवाद।

**भवदीय,**
**कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

**(मनीष कुमार अग्रवाल)**
**कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**
mk_agarwal@pfcindia.com

फाइनेंशियल एक्सप्रेस (अंग्रेजी) दिनांक 08.08.2025


पी एफ सी PFC (A Maharatna Company)

# POWER FINANCE CORPORATION LIMITED

(A Government of India Undertaking)

**Regd. Office:** Urjanidhi,1, Barakhamba Lane, Connaught Place, New Delhi- 110001, India

Tel: +91-11-23456000

**Email-id: investorsgrievance@pfcindia.com Website: www.pfcindia.com**

**CIN:- L65910DL1986GOI024862**


## NOTICE

Notice is hereby given that the 39th Annual General Meeting (AGM) of the Members of Power Finance Corporation Limited ('the Company') will be held on August 28, 2025 at 11 A.M. in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 and the rules made thereunder, read with MCA General Circular dated September 19, 2024 read with Circulars dated May 5, 2020, May 5, 2022 and December 28, 2022 and SEBI Circular dated October 3, 2024 and other notification in force, to transact the businesses as set out in the **Notice dt. August 06, 2025** sent to the members in electronic form. In compliance with Regulation 36(1)(b) of the SEBI (LODR), a letter providing the web-link, including the exact path, where complete details of the Annual Report is available has been be sent to those shareholder(s) who have not registered their e-mail id.

Notice is further given that pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013 and Rules made thereunder, the Register of Members and Share Transfer books of the Company will remain closed from Tuesday, August 19, 2025 to Thursday, August 28 2025 (both days inclusive), for the purpose of 39th AGM of the Company.

Members are also hereby informed that the Notice of the AGM along with the instructions for e-voting / attending the AGM through VC are also available on the Company's website **https://www.pfcindia.co.in/**, on the website of Registrar & Share Transfer Agent (RTA) i.e. **https://evoting.kfintech.com** and also on websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com** respectively.

In compliance with provisions of Regulation 44 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 as well as Section 108 of the Companies Act, 2013 read with the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended from time to time, the Company is pleased to offer remote e-voting facility to all the Shareholders of the Company in respect of the items to be transacted at the said Annual General Meeting. Shareholders are requested to read instruction contained in the Notice of AGM available on the website of the Company/Stock Exchanges.

The shareholders of the Company, holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on the cut-off date i.e. August 22, 2025, only shall be entitled to cast their vote by remote e-voting as well as voting at the Annual General Meeting. The remote e-voting period shall commence at 9:00 A.M. on August 25, 2025 and will end at 5:00 P.M. on August 27, 2025. The e-voting module shall be disabled by KFintech at 5:00 P.M. on August 27, 2025.

Those Shareholders, who do not opt to cast their vote through remote e-voting, may cast their vote through e-voting at the AGM. Members who have cast their vote by remote e-voting prior to the AGM, may also attend the AGM, however shall not be entitled to vote again at the AGM. In case a person has become a Member of the Company after dispatch of the Notice but on or before the Cut-off date for remote e-voting at the AGM, or has registered the e-mail address after dispatch of the Notice, such Member may obtain the User ID and password for remote e-voting or e-voting at the AGM as per the procedure provided in the notice of 39th AGM.

Further, the Company has appointed Smt. Nayan Handa, Partner, M/s Mehta & Mehta, Company Secretaries, to act as the Scrutinizer, to scrutinize the e-voting process in a fair and transparent manner.

Shareholders who hold shares in physical form or who have not registered their e-mail addresses and wish to participate in the AGM to cast their votes through remote e-voting or e-voting during the AGM can log on to the e-voting website **https://evoting.kfintech.com** by using their credentials. Shareholders are requested to read instructions contained in the Notice of 39th AGM to be made available on the website of the Company/Stock Exchange. Members holding shares in physical form are requested to update their E-mail ID, Mobile number by sending ISR-1 form to the (RTA) KFin Technologies Limited. The said forms can be downloaded from the RTA website –Investor Support Center (ISC) webpage at **https://ris.kfintech.com/clientservices/isc/default.aspx**

The Members holding shares in Demat form who have not registered/updated their Email-id and mobile number are requested to contact their Depository Participant (DPs) with whom they are maintaining their demat accounts.

In case of any queries, you may refer to the Help & Frequently Asked Questions (FAQs) and e-voting user manual available in the downloads section of KFintech's website **https://evoting.kfintech.com** or contact Ms. Swati Reddy (Unit: POWER FINANCE CORPORATION LIMITED), KFin Technologies Limited Selenium Building, Tower-B, Plot No. 31 & 32, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad, Telangana, India or at **einward.ris@kfintech.com** and **evoting@kfintech.com** or call KFintech's toll free No. 1-800-309-4001 for any further clarifications.

**For and on behalf of Power Finance Corporation Limited**

**Sd/-**

**(Manish Kumar Agarwal)**

**Company Secretary and Compliance Officer**

**Place:** New Delhi

**Date:** August 07, 2025

जनसत्ता (हिन्दी) दि. 08.08.2025

# पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)
पंजीकृत कार्यालयः ऊर्जानिधि, 1, बाराखंबा लेन, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001, भारत
फोनः +91-11-23456000
ईमेल-आईडीः investorsgrievance@pfcindia.com वेबसाइटः www.pfcindia.com
सीआईएनः L65910DL1986GOI024862

## सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड ('कंपनी') के सदस्यों की 39वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 28 अगस्त, 2025 को प्रातः 11.00 बजे आयोजित की जाएगी। यह बैठक कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत बनाये गये नियमों के लागू प्रावधानों के अनुपालन में, एमसीए सामान्य परिपत्र दिनांक 19 सितंबर, 2024 के साथ पठित एवं 5 मई, 2020, 5 मई, 2022 और 28 दिसम्बर, 2022 के परिपत्रों के साथ पठित एवं 03 अक्टूबर, 2024 के सेबी परिपत्र और अन्य लागू अधिसूचनाओं के साथ पठित नियमों के अनुपालन में सदस्यों को 06 अगस्त, 2025 को इलेक्ट्रॉनिक रूप में भेजे गए नोटिस में यथानिर्धारित व्यवसायों के संव्यवहार के लिए आयोजित की जाएगी। सेबी (एलओडीआर) के विनियमन 36(1) के अनुपालन में, वेब लिंक प्रदान करने वाला एक पत्र, जिसमें सटीक पथ भी शामिल है, जहाँ वार्षिक रिपोर्ट का पूरा विवरण उपलब्ध है, उन शेयरधारकों को भेजा गया है जिन्होंने अपनी ई–मेल आईडी पंजीकृत नहीं की है।

आगे सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 और इसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसरण में, सदस्यों का रजिस्टर और कंपनी की शेयर ट्रांसफर बुक कंपनी की 39वीं एजीएम के प्रयोजनार्थ मंगलवार 19 अगस्त, 2025 से बृहस्पतिवार, 28 अगस्त, 2025 (दोनों दिवस शामिल) तक बंद रहेंगी।

सदस्यों को एतद्द्वारा यह भी सूचित किया जाता है कि एजीएम की सूचना और ई–वोटिंग/वीसी के माध्यम से एजीएम में शामिल होने के लिए अनुदेश कंपनी की वेबसाइट **https://www.pfcindia.co.in/**, रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) की वेबसाइट अर्थात **https://evoting.kfintech.com** तथा स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइटों **www.bseindia.com** और **www.nseindia.com** क्रमशः पर भी उपलब्ध है।

समय–समय पर यथासंशोधित कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के साथ पठित भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 के प्रावधानों और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के अनुपालन में, कंपनी ने उक्त वार्षिक आम बैठक में लेन–देन की जाने वाली मदों के संबंध में कंपनी के सभी शेयरधारकों को रिमोट ई–वोटिंग सुविधा प्रदान की है। शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे कंपनी/स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट पर उपलब्ध एजीएम की सूचना में निहित अनुदेश पढ़ें।

कंपनी के केवल वही शेयरधारक, जो कट–ऑफ तिथि अर्थात 22 अगस्त, 2025 को भौतिक रूप में या डिमैटिरियलाइज्ड रूप में शेयर धारण करते हैं, रिमोट ई–वोटिंग के साथ–साथ वार्षिक आम बैठक में मतदान करके अपना वोट देने के हकदार होंगे। रिमोट ई–वोटिंग अवधि 25 अगस्त, 2025 को प्रातः 09:00 बजे आरंभ होगी और 27 अगस्त, 2025 को शाम 5:00 बजे समाप्त होगी। ई–वोटिंग मॉडयूल 27 अगस्त, 2025 को शाम 5:00 बजे केफिनटेक द्वारा हटा दिया जाएगा।

वे शेयरधारक, जो रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डालने का विकल्प नहीं चुनते हैं, वे वार्षिक आम बैठक में ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं। जिन सदस्यों ने वार्षिक आम बैठक से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे भी वार्षिक आम बैठक में भाग ले सकते हैं, तथापि वे वार्षिक आम बैठक में दोबारा वोट देने के हकदार नहीं होंगे। यदि कोई व्यक्ति नोटिस भेजने के बाद, लेकिन रिमोट ई–वोटिंग या वार्षिक आम बैठक में ई–वोटिंग के लिए कट–ऑफ तिथि को या उससे पहले कंपनी का सदस्य बन गया है या उसने नोटिस भेजने के बाद ई–मेल पता पंजीकृत किया है तो वे सदस्य 39वीं वार्षिक आम बैठक के नोटिस में दी गई प्रक्रिया के अनुसार वार्षिक आम बैठक में रिमोट ई–वोटिंग या ई–वोटिंग के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, कंपनी ने ई–वोटिंग प्रक्रिया की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निगरानी के लिए श्रीमती नयन हाण्डा, भागीदार, मैसर्स मेहता एण्ड मेहता, कंपनी सचिव को स्क्रूटनाइजर का कार्य करने हेतु स्क्रूटनाइजर के तौर पर नियुक्त किया है।

वे शेयरधारक जिनके पास भौतिक रूप में शेयर मौजूद हैं या जिन्होंने अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं किया है और वार्षिक आम बैठक में भाग लेना चाहते हैं या वार्षिक आम बैठक के दौरान रिमोट ई–वोटिंग या ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डालना चाहते हैं तो वे अपने क्रेडेंशियल्स का उपयोग करके ई–वोटिंग वेबसाइट **https://evoting.kfintech.com** पर लॉग इन कर सकते हैं। इन शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे कंपनी/स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाने वाले 39वीं वार्षिक आम बैठक के नोटिस में दिए गए अनुदेश पढ़ें। भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे (आरटीए) केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को आईएसआर–1 फॉर्म भेजकर अपनी ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर अपडेट करें। यह फॉर्म आरटीए वेबसाइट- निवेशक सहायता केंद्र (आईएससी) **https://ris.kfintech.com/clientservices/isc/default.aspx** से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

डीमैट रूप में शेयर धारण करने वाले जिन सदस्यों ने अपने ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर पंजीकृत/अपडेट नहीं किए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स (डीपी) से संपर्क करें जिनके साथ उन्होंने अपने डीमैट खाते बनाए हैं।

किसी भी जानकारी के लिए आप केफिनटेक की वेबसाइट **https://evoting.kfintech.com** के डाउनलोड खंड में उपलब्ध सहायता एवं अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यूज) तथा ई–वोटिंग यूजर मैनुअल का संदर्भ ले सकते हैं अथवा आगे किसी स्पष्टीकरण के लिए सुश्री स्वाति रेड्डी (यूनिटः पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड), केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, सेलेनियम बिल्डिंग, टावर–बी, प्लॉट नं. 31 एवं 32, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद, तेलंगाना, भारत अथवा **einward.ris@kfintech.com** और **evoting@kfintech.com** पर संपर्क करें अथवा केफिनटेक के टोल फ्री नंबर 1-800-309-4001 पर कॉल करें।

**कृते एवं पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से**
हस्ता/–

**(मनीष कुमार अग्रवाल)**
**कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 07 अगस्त, 2025